# INSTITUTE OF HOME ECONOMICS
# ALUMNI COMMITTEE AND ALUMNI ASSOCIATION REPORT

## 1. Alumni Interaction on Orientation Day

As part of the Orientation Day programme held on 8 August 202, the college invited distinguished alumni Ms. Priya Vig from the Department of Fabric & Apparel Science and Ms. Priyanka Bajaj from the Department of Microbiology as resource persons. The interaction was organized to provide newly admitted students with an opportunity to connect with alumni and gain insights into academic life, professional opportunities and career development.

The alumni shared their experiences of their time at the college and discussed how their academic learning and exposure at the college contributed to their personal and professional growth. Their interaction with the students provided practical perspectives on making the most of college life, developing relevant skills, exploring career pathways and remaining connected with the institution after graduation. The session also highlighted the diverse opportunities available to students across different fields and encouraged them to actively participate in academic, co-curricular and professional activities.

The presence of the alumni added value to the Orientation Day by creating an informal platform for interaction between current students and former students. The session was well received by the students and helped strengthen the connection between the institution and its alumni community. It also reinforced the role of alumni engagement in mentoring, motivation and career-oriented guidance for students.

## 2. Alumni as Resource Persons in Online Summer Training Programme on Introduction to Computational Biology

The Department of Microbiology organized an Online Summer Training Programme on "Introduction to Computational Biology" from 7 to 21 July 2025, with alumni serving as resource persons and contributing to the academic enrichment of the programme. The sessions were conducted by Ms. Piyusha Mongia, Ms. Kaushiki and Ms. Samta from the Department of Microbiology, along with Dr. Manisha Aswal and Dr. Gagandeep Kaur from the Department of Biochemistry. Their participation provided learners with the opportunity to benefit from the knowledge and professional experiences of alumni working in relevant academic and scientific domains. The resource persons introduced participants to key concepts and applications of computational biology and helped bridge theoretical understanding with contemporary developments in the field. Conducted entirely in online mode, the programme attracted 100 participants from across India, creating a diverse learning environment. The involvement of alumni strengthened the connection between the institution and its former students while providing participants with valuable academic exposure

and insights into emerging opportunities in computational biology.

**3. Alumni as a Resource Person in Career Fair**

The Eminence and Placement Committee organised a Career Fair on 16–17 February 2026, providing students with an opportunity to explore diverse career pathways, professional opportunities and avenues for further development. As part of the event, Ms. Garima Gupta, an alumna of the B.El.Ed. programme, was invited as a resource person. Her participation added an important alumni perspective to the career-oriented activities and enabled students to benefit from her academic and professional experience. Ms. Gupta interacted with students and shared insights related to career planning, professional growth, and the transition from academic life to the workplace. The session encouraged students to reflect on their skills, interests and career aspirations while becoming more aware of the opportunities available in their respective fields. The involvement of an alumna also demonstrated the institution's efforts to strengthen alumni engagement in student development initiatives. The event served as a valuable platform for students to gain practical guidance and develop greater confidence in making informed career decisions.

**4. Alumni as Resource Persons in "The Luminary Circle" Microbiology Department Fest**

The Department of Microbiology organised its departmental fest, "The Luminary Circle," on 25 March 2026, with distinguished alumni participating as resource persons. The event brought together Dr. Sagarika Haldar, Dr. Harshita Mittal, Dr. Kriti Sikri, Dr. Sangeeta Agarwal and Dr. Shraddha Chakaroborty, all alumni of the Department of Microbiology. Their participation provided students with an opportunity to interact with accomplished professionals who had previously been part of the same academic community. The alumni shared their experiences, professional journeys and insights into the evolving field of microbiology, thereby helping students understand the possibilities and challenges associated with pursuing careers in the discipline. Their engagement also served as a source of motivation for students by demonstrating diverse career and professional pathways available after graduation. The interaction strengthened the bond between the department and its alumni and highlighted the valuable role that alumni can play in mentoring, knowledge sharing and student development. The event thus contributed to creating a stronger and more meaningful alumni–student connect.

**5. Annual Governing Body Meeting**

The Annual Governing Body Meeting of the Alumni Association of the Institute of Home Economics was held on 21 February 2026. The meeting provided a platform for the Governing Body

members to review the Association's activities, discuss ongoing initiatives, and plan future programmes for strengthening alumni engagement. Key matters related to alumni membership, upcoming events, student–alumni interaction, communication initiatives and the functioning of the Association were discussed. The members also deliberated on strategies to increase alumni participation and enhance the Association's contribution to the development of the institution and its students. The meeting facilitated collective decision-making and provided direction for future alumni activities.

**6. Communication, Networking and Social Media Management**

The Alumni Committee managed and coordinated the social media presence and communication activities of the Alumni Association of the Institute of Home Economics. The Committee regularly maintained and updated the official Instagram, Facebook, and LinkedIn pages of the Alumni Association to ensure consistent and timely communication with alumni, students, faculty members, and other stakeholders.

As part of its communication initiatives, the Committee collected and shared messages, greetings, reflections, and goodwill messages from the former Directors of the Institute of Home Economics and members of the Governing Body of the Alumni Association. These messages were shared across the Association's social media platforms to strengthen institutional connect, promote alumni engagement, and encourage greater participation in Association activities. The Committee regularly designed and circulated posters and digital communication material for alumni registration and membership, encouraging former students to register with the Alumni Association. Posters, registration forms, event details, and reminders related to the Alumni Meet were regularly circulated through social media and other communication channels. The Committee also promoted the Distinguished Alumni Awards, including information regarding award categories, nomination procedures, submission forms, deadlines, and event-related announcements.

The Committee managed communication through dedicated WhatsApp groups created for registered alumni, ensuring the timely dissemination of announcements, invitations, reminders, programme updates, and other relevant information. It also coordinated responses to queries received from alumni and facilitated communication related to various Association activities. In addition, the Committee highlighted alumni achievements, professional accomplishments, institutional contributions, and success stories through the Association's social media platforms. Photographs and updates from alumni activities and events were also shared to create greater visibility and

encourage continued participation.

Through these initiatives, the Committee strengthened the digital presence of the Alumni Association, facilitated regular communication with its members, promoted alumni engagement, and contributed to building a sustained and interactive alumni–institution network.

**7. Organization of Alumni Meet 2026**

Institute of Home Economics Alumni Association ($A^2$IHE) and the Alumni committee organized a memorable Alumni Reunion on 21st February, 2026, at 12:30 pm onwards, in the college premises. IHE witnessed a beautiful reunion of hearts and memories as alumni from as early as 1970 to the most recent graduates came together under one roof. From retired faculty to fresh alumni, the event was a testament to the unbreakable bond our alumni share with their alma mater.

The day began with an Annual General Body meeting at 11:30am in the hybrid mode. The members of the Alumni Association shared the work done in the last year and future plans. This was followed by the welcome and registration of the the alumni. Alumni from the batches up to the year 1980 were felicitated. 15 alumni were felicitated. This was followed by the much awaited distinguished Alumni Awards. Jury members carefully looked at the nominations and decided the awards.

| **DISTINGUSIHED ALUMNI AWARDS 2026** | | | |
|---|---|---|---|
| **Department** | **Name** | **Batch** | **Present designation** |
| Food and Nutrition | Anuja Agarwala | 1979 -1983 | Freelance Pediatric Nutritionist; Retired from AIIMS, New Delhi |
| Development Communication & Extension | Shikha Kapur | 1983 -1986 | Professor, Department of Adult and Continuing Education and Extension, Jamia Millia Islamia New Delhi |
| Fabric & Apparel Science | Neha Kapil | 1998-2003 | Assistant Director Northern India Textile Research Association (Linked to Ministry of Textiles) |
| Resource Management & Design Application | Dharana Jha | 2006-2011 | Founder, MineralZ |
| Human Development and Childhood Studies | Sukhna Sawhney | 2007-2010 | Lead- Education and Content Rocket Learning |
| Microbiology | Sagarika Haldar | 1999-2002 | Additional Professor, PGIMER, Chandigarh |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Biochemistry | Mehak Zahoor Khan | 2009-2012 | Research Scientist, Ragon Institute of MGH, MIT and Harvard, USA |
| Elementary Education | Aakriti Soni | 2007- 2011 | Founder Yatha / Greyy Elephant Learning Box |
| Food Technology | Devanshi Tyagi | 2017-2020 | Product Development Scientist Schwabe North America |
| Journalism | Himanshi Saini | 2017-2020 | National Consultant - Design and Social Media UN Women, India |

This was followed by fun games, interactive sessions and light music. This was followed by a heart-warming lunch, where alumni reconnected, reminisced, and built new networks. With shared laughter, nostalgia, and renewed connections, the IHE Alumnae Meet 2026 ended on a high note, leaving everyone with hearts full of joy and memories to cherish.

# इंस्टीट्यूट ऑफ़ होम इकोनॉमिक्स
# एलुमनाई कमिटी की रिपोर्ट

**1. अभिमुखीकरण दिवस पर पूर्व छात्राओं के साथ संवाद**

**8 अगस्त 2025** को आयोजित अभिमुखीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय ने **फैब्रिक एवं अपैरल साइंस विभाग की** एलुमनाई **सुश्री प्रिया विग तथा माइक्रोबायोलॉजी विभाग की पूर्व छात्रा सुश्री प्रियंका बजाज** को संसाधन व्यक्तियों के रूप में आमंत्रित किया। इस संवाद का उद्देश्य नव प्रवेशित छात्राओं को पूर्व छात्राओं से जुड़ने तथा शैक्षणिक जीवन, व्यावसायिक अवसरों और करियर विकास के संबंध में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना था।

पूर्व छात्राओं ने महाविद्यालय में अपने अध्ययन के अनुभव साझा किए तथा बताया कि संस्थान में प्राप्त शैक्षणिक ज्ञान और अनुभव ने उनके व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास में किस प्रकार योगदान दिया। उन्होंने छात्राओं को महाविद्यालयीन जीवन का अधिकतम लाभ उठाने, आवश्यक कौशल विकसित करने, विभिन्न करियर विकल्पों को समझने तथा स्नातक होने के बाद भी संस्थान से जुड़े रहने के संबंध में उपयोगी सुझाव दिए। सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध विविध अवसरों पर भी प्रकाश डाला गया तथा छात्राओं को शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रमीय एवं व्यावसायिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

पूर्व छात्राओं की उपस्थिति ने वर्तमान और पूर्व छात्राओं के बीच अनौपचारिक संवाद का एक प्रभावी मंच प्रदान करते हुए अभिमुखीकरण कार्यक्रम को और अधिक सार्थक बनाया। सत्र को छात्राओं द्वारा सकारात्मक रूप से लिया गया तथा इसने संस्थान और उसके पूर्व छात्र समुदाय के बीच संबंधों को और मजबूत किया। साथ ही, यह संवाद छात्राओं के मार्गदर्शन, प्रेरणा और करियर संबंधी सहायता में पूर्व छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता है।

**2. "इंट्रोडक्शन टू कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी" ऑनलाइन ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में एलुमनाई की सहभागिता**

माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा **7 से 21 जुलाई 2025** तक **"इंट्रोडक्शन टू कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी"** विषय पर ऑनलाइन ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एलुमनाई ने संसाधन व्यक्तियों के रूप में अपनी विशेषज्ञता एवं अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों के शैक्षणिक ज्ञान को समृद्ध किया। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों का संचालन **माइक्रोबायोलॉजी विभाग की पूर्व छात्राओं सुश्री पियूषा मोंगिया, सुश्री कौशिकी एवं सुश्री समता तथा बायोकेमिस्ट्री विभाग की पूर्व छात्राओं डॉ. मनीषा असवाल एवं डॉ. गगनदीप कौर** द्वारा किया गया।

एलुमनाई की सहभागिता ने प्रतिभागियों को संबंधित शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक क्षेत्रों में उनके ज्ञान और व्यावसायिक अनुभवों से सीखने का अवसर प्रदान किया। संसाधन व्यक्तियों ने कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी की प्रमुख अवधारणाओं एवं इसके विभिन्न अनुप्रयोगों से प्रतिभागियों को परिचित कराया तथा सैद्धांतिक ज्ञान को क्षेत्र में हो रहे समकालीन विकास से जोड़ने में सहायता की।

पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में **देशभर से 100 प्रतिभागियों** ने भाग लिया, जिससे एक विविध एवं व्यापक सीखने का वातावरण विकसित हुआ। एलुमनाई की सहभागिता ने संस्थान और उसके पूर्व छात्र समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत किया तथा प्रतिभागियों को कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी के उभरते अवसरों और संभावनाओं के संबंध में मूल्यवान शैक्षणिक जानकारी प्रदान की।

**3. करियर फेयर में पूर्व छात्रा की संसाधन व्यक्ति के रूप में सहभागिता**

**एमिनेंस एवं प्लेसमेंट समिति** द्वारा **16–17 फरवरी 2026** को करियर फेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों, व्यावसायिक अवसरों तथा आगे के विकास के संभावित मार्गों से परिचित कराना था। इस अवसर पर **बी.एल.एड. कार्यक्रम की पूर्व छात्रा सुश्री गरिमा गुप्ता** को संसाधन व्यक्ति के रूप में आमंत्रित किया गया।

सुश्री गुप्ता ने छात्राओं के साथ संवाद करते हुए करियर नियोजन, व्यावसायिक विकास तथा शैक्षणिक जीवन से कार्यक्षेत्र में प्रवेश से संबंधित अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। उनके अनुभवों ने छात्राओं को अपने कौशल, रुचियों और करियर आकांक्षाओं पर विचार करने तथा अपने लिए उपयुक्त करियर विकल्पों की पहचान करने में सहायता प्रदान की।

सत्र के दौरान छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें अपने कौशल एवं क्षमताओं को निरंतर विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। एक पूर्व छात्रा की सहभागिता ने कार्यक्रम में व्यावहारिक एवं अनुभव-आधारित दृष्टिकोण जोड़ा तथा छात्राओं को अपने करियर संबंधी निर्णय अधिक आत्मविश्वास के साथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

यह पहल संस्थान द्वारा छात्र विकास के लिए पूर्व छात्राओं की विशेषज्ञता एवं अनुभव का उपयोग करने तथा पूर्व छात्र सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास था। कार्यक्रम ने छात्राओं को करियर संबंधी व्यावहारिक मार्गदर्शन प्राप्त करने का एक उपयोगी मंच प्रदान किया।

**4. "द ल्यूमिनरी सर्कल" माइक्रोबायोलॉजी विभागीय उत्सव में एलुमनाई की सहभागिता**

माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा **25 मार्च 2026** को विभागीय उत्सव **"द ल्यूमिनरी सर्कल"** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रतिष्ठित पूर्व छात्राओं **डॉ. सागरिका हलदर, डॉ. हर्षिता मित्तल, डॉ. कृति सिकरी, डॉ. संगीता अग्रवाल एवं डॉ. श्रद्धा चक्रवर्ती** ने संसाधन व्यक्तियों के रूप में सहभागिता की।

इन पूर्व छात्राओं की उपस्थिति ने वर्तमान छात्राओं को ऐसे अनुभवी पेशेवरों से संवाद करने का अवसर प्रदान किया, जिन्होंने इसी संस्थान से अपनी शैक्षणिक यात्रा प्रारंभ की थी। पूर्व छात्राओं ने अपने शैक्षणिक अनुभवों, व्यावसायिक यात्राओं तथा माइक्रोबायोलॉजी

के बदलते स्वरूप से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उनके अनुभवों ने छात्राओं को इस क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों, संभावनाओं और चुनौतियों को समझने में सहायता प्रदान की।

पूर्व छात्राओं के संवाद ने छात्राओं के लिए प्रेरणा का कार्य किया तथा उन्हें स्नातक एवं उच्च शिक्षा के बाद उपलब्ध विभिन्न व्यावसायिक मार्गों से परिचित कराया। कार्यक्रम ने विभाग और उसके पूर्व छात्र समुदाय के बीच संबंधों को और मजबूत किया तथा मार्गदर्शन, ज्ञान-साझाकरण और छात्र विकास में पूर्व छात्राओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

इस प्रकार, "द ल्यूमिनरी सर्कल" ने वर्तमान छात्राओं और पूर्व छात्राओं के बीच सार्थक संवाद स्थापित करने तथा एक मजबूत एवं निरंतर पूर्व छात्र–छात्रा संबंध विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**5. वार्षिक शासी निकाय बैठक**

**इंस्टीट्यूट ऑफ होम इकोनॉमिक्स एलुमनी एसोसिएशन** की वार्षिक शासी निकाय बैठक **21 फरवरी** 2026 को आयोजित की गई। बैठक में शासी निकाय के सदस्यों ने एसोसिएशन द्वारा वर्षभर की गई विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की तथा आगामी कार्यक्रमों एवं पहलों की योजना पर चर्चा की।

बैठक के दौरान पूर्व छात्र सदस्यता, आगामी कार्यक्रमों, छात्र– एलुमनाई संवाद, संचार पहलों तथा एसोसिएशन के कार्यों से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने एलुमनाई की अधिक सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा संस्थान और उसके छात्रों के विकास में एसोसिएशन की भूमिका को और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर भी चर्चा की।

बैठक ने सामूहिक निर्णय लेने के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान किया तथा आगामी एलुमनाई गतिविधियों के लिए आवश्यक दिशा और मार्गदर्शन निर्धारित किया।

**6. संचार, नेटवर्किंग एवं सोशल मीडिया प्रबंधन**

एलुमनाई समिति ने **इंस्टीट्यूट ऑफ होम इकोनॉमिक्स** एलुमनाई **एसोसिएशन** की सोशल मीडिया उपस्थिति एवं संचार गतिविधियों का नियमित रूप से प्रबंधन और समन्वय किया। समिति ने एलुमनाई एसोसिएशन के आधिकारिक **इंस्टाग्राम, फेसबुक एवं लिंक्डइन पेजों** का नियमित संचालन एवं अद्यतन किया, जिससे पूर्व छात्राओं, छात्राओं, शिक्षकों तथा अन्य हितधारकों के साथ समयबद्ध एवं प्रभावी संवाद सुनिश्चित किया जा सके।

संचार गतिविधियों के अंतर्गत समिति ने **इंस्टीट्यूट ऑफ होम इकोनॉमिक्स की पूर्व निदेशिकाओं तथा** एलुमनाई **एसोसिएशन के शासी निकाय के सदस्यों** से संदेश, शुभकामनाएँ, विचार एवं प्रेरक संदेश प्राप्त किए और उन्हें एसोसिएशन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया। इन संदेशों के माध्यम से संस्थागत जुड़ाव को मजबूत करने, पूर्व छात्र सहभागिता को बढ़ावा देने तथा एसोसिएशन की विभिन्न गतिविधियों में अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया।

समिति ने पूर्व छात्र पंजीकरण एवं सदस्यता के लिए नियमित रूप से डिजिटल पोस्टर और प्रचार सामग्री तैयार कर प्रसारित की। **एलुमनाई मीट** से संबंधित पोस्टर, पंजीकरण फॉर्म, कार्यक्रम की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियाँ एवं अनुस्मारक सोशल मीडिया तथा अन्य डिजिटल माध्यमों से साझा किए गए। इसके अतिरिक्त, **विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार (Distinguished Alumni Awards)** को भी व्यापक रूप से प्रचारित किया गया तथा पुरस्कार श्रेणियों, नामांकन प्रक्रिया, फॉर्म, अंतिम तिथि और कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रसारित की गई।

पंजीकृत पूर्व छात्राओं के लिए बनाए गए विभिन्न **व्हाट्सऐप समूहों** के माध्यम से भी नियमित संचार बनाए रखा गया। इन समूहों में घोषणाएँ, आमंत्रण, अनुस्मारक, कार्यक्रम संबंधी जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएँ समय पर साझा की गईं। समिति ने पूर्व

छात्राओं से प्राप्त प्रश्नों एवं प्रतिक्रियाओं का समन्वय भी किया।

इसके अतिरिक्त, पूर्व छात्राओं की उपलब्धियों, व्यावसायिक सफलताओं, संस्थान में उनके योगदान तथा उनकी प्रेरक कहानियों को सोशल मीडिया के माध्यम से साझा किया गया। विभिन्न पूर्व छात्र गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की तस्वीरें और अपडेट भी प्रसारित किए गए।

इन पहलों के माध्यम से समिति ने एलुमनाई एसोसिएशन की डिजिटल उपस्थिति को मजबूत किया, सदस्यों के साथ नियमित संवाद को बढ़ावा दिया तथा संस्थान और पूर्व छात्र समुदाय के बीच एक निरंतर एवं प्रभावी नेटवर्क विकसित करने में योगदान दिया।

**7. एलुमनाई मीट 2026 का आयोजन**

**इंस्टीट्यूट ऑफ होम इकोनॉमिक्स एलुमनाई एसोसिएशन** और समिति द्वारा **21 फरवरी 2026 को दोपहर 12:30 बजे से** महाविद्यालय परिसर में एक यादगार **पूर्व छात्र मिलन समारोह (Alumni Reunion)** का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्ष **1970 से लेकर हाल के वर्षों में स्नातक हुए पूर्व छात्र** एक ही मंच पर एकत्रित हुए और अपनी पुरानी स्मृतियों एवं संस्थान से जुड़ी भावनाओं को साझा किया। सेवानिवृत्त शिक्षकों से लेकर हाल ही में स्नातक हुए पूर्व छात्रों तक, सभी की उपस्थिति ने संस्थान और उसके पूर्व छात्र समुदाय के बीच मजबूत एवं स्थायी संबंध को प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत **प्रातः 11:30 बजे वार्षिक आम सभा (Annual General Body Meeting)** से हुई, जिसका आयोजन हाइब्रिड माध्यम में किया गया। बैठक के दौरान एलुमनी एसोसिएशन द्वारा पिछले वर्ष की गई गतिविधियों तथा आगामी योजनाओं को सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया और उन पर चर्चा की गई।


इसके बाद पूर्व छात्राओं का स्वागत एवं पंजीकरण किया गया। **वर्ष 1980 तक के बैचों के पूर्व छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया तथा कुल 15 पूर्व छात्राओं को सम्मानित किया गया।** इसके पश्चात बहुप्रतीक्षित **विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार (Distinguished Alumni Awards)** प्रदान किए गए। प्राप्त नामांकनों का निर्णायक मंडल द्वारा सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया गया तथा निर्धारित मानदंडों के आधार पर पुरस्कारों के लिए विजेताओं का चयन किया गया।

पूरे कार्यक्रम ने पूर्व छात्र समुदाय को अपनी पुरानी स्मृतियों को पुनर्जीवित करने, एक-दूसरे से पुनः जुड़ने तथा अपने अल्मा मेटर के साथ संबंधों को और मजबूत करने का अवसर प्रदान किया।

| **विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार 2026** | | | |
|---|---|---|---|
| **विभाग** | **नाम** | **बैच** | **वर्तमान पद** |
| खाद्य एवं पोषण | अनुजा अग्रवाला | 1979 - 1983 | फ्रीलांस बाल पोषण विशेषज्ञ; एम्स, नई दिल्ली से सेवानिवृत्त |
| विकास संचार एवं विस्तार | शिखा कपूर | 1983 - 1986 | प्रोफेसर, वयस्क और सतत शिक्षा एवं विस्तार विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली |

| | | | |
|---|---|---|---|
| फैब्रिक एवं अपैरल साइंस | नेहा कपूर | 1998-2003 | सहायक निदेशक<br>नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च<br>एसोसिएशन (कपड़ा मंत्रालय से संबद्ध) |
| संसाधन प्रबंधन एवं<br>डिजाइन अनुप्रयोग | धारणा झा | 2006-2011 | संस्थापक, मिनरलज़ |
| मानव विकास एवं<br>बाल्यावस्था अध्ययन | सुखना सावनी | 2007-2010 | लीड - शिक्षा एवं सामग्री<br>रॉकेट लर्निंग |
| माइक्रोबायोलॉजी | सागरिका हलदर | 1999-2002 | अतिरिक्त प्रोफेसर, पीजीआईएमईआर,<br>चंडीगढ़ |
| बायोकेमिस्ट्री | मेहक ज़हूर खान | 2009-2012 | रिसर्च साइंटिस्ट,<br>रागन इंस्टीट्यूट ऑफ़ MGH, MIT और<br>हार्वर्ड, USA |
| प्रारंभिक शिक्षा | आकृति सोनी | 2007-<br>2011 | संस्थापक<br>यथा / ग्रे एलिफ़ैंट लर्निंग बॉक्स |
| खाद्य प्रौद्योगिकी | देवांशी त्यागी | 2017-2020 | उत्पाद विकास वैज्ञानिक<br>श्वाबे नॉर्थ अमेरिका |
| पत्रकारिता | हिमांशी सैनी | 2017-2020 | राष्ट्रीय सलाहकार - डिजाइन एवं सोशल<br>मीडिया,  यूएन वीमेन, भारत |

इसके बाद मनोरंजक खेलों, संवादात्मक सत्रों और हल्के संगीत का आयोजन किया गया। इसके पश्चात स्नेह एवं आत्मीयता से भरपूर दोपहर के भोजन का आयोजन हुआ, जहाँ पूर्व छात्राओं ने एक-दूसरे से पुनः जुड़ते हुए पुरानी स्मृतियों को साझा किया और नए संबंध स्थापित किए। हँसी-खुशी, पुरानी यादों और नए जुड़ाव से भरा **IHE Alumnae Meet 2026** हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर ने सभी के मन में खुशी, अपनत्व और संस्थान से जुड़ी सुखद स्मृतियों को फिर से जीवंत कर दिया, जिन्हें सभी लंबे समय तक संजोकर रखेंगे।




## GLIMPSES OF THE EVENT

<table>
<tr><th colspan="2">WELCOME OF ALUMNI AND REGISTRATION</th></tr>
<tr><td></td><td></td></tr>
</table>


















**GOVERNING BODY MEETING**






**INTERACTION WITH TEACHERS AND FRIENDS**











**FELICITATION OF ALUMNI UPTO 1980 BATCHES**









**DISTINGUISHED ALUMNI AWARDS**















**FUN GAMES AND LUNCH**











